First Year Hindi

Gautami Shah/गौतमी शाह

CC BY NC SA

टीवी शो: सत्यमेव जयते(२०१२)

Season 1 Episode 10 "Untouchability: Dignity for All"

आमिर खान प्रोडक्शंस और स्टार प्लस

Host: Aamir Khan

Transcript of clip: "Welcome and introduction to the topic of the day"

Counter numbers: 1:10-3:08

आमीर खान: नमस्कार, आदाब, ख़ुशामदीद, सत्यमेव जयते। आप सभी का एक बार फिर इस शो पर बहुत, बहुत स्वागत है। सब से पहले मैं स्वागत करना चाहूँगा आज की हमारी ऑडियंस का, आज हमारे साथ बहुत सारे नौजवान मौजूद हैं। हम आप सभी का स्वागत करते हैं, बहुत, बहुत शुक्रिया यहाँ आने का, Thank you so much.

दोस्तो, खाना पानी और हवा, ये तीन चीज़ें हमारी अहम ज़रूरतें हैं। इन तीनों के बग़ैर हम जी नहीं सकते। एक और चीज़ है जो मेरे हिसाब से, इतनी अहमियत रखती है, और वो चीज़ है इज़्ज़त, गरिमा, dignity.

इज़्ज़त के बग़ैर आप जी तो सकते हैं, लेकिन फिर आपकी ज़िंदगी बहुत ही खोखली या अधूरी, और असंतुष्ट हो जाएगी। इज़्ज़त के बग़ैर जैसे किसी ने आप से किसी ने आपकी इंसानियत ही छीन ली हो, आपका वजूद छीन लिया हो।

अब आप सोचिए कि आगर मैं आप से कहूँ कि जिस दिन से आप पैदा होते हैं, आपकी कोई इज़्ज़त नहीं होगी, कोई गरिमा नहीं होगी, तो आपको कैसा लगेगा? और इस लिए नहीं क्योंकि आप से कोई ग़लत काम हुआ है, इसलिए कि आप कोई एक परिवार में जन्मे हैं।

शब्दावली:

ख़ुशामदीद (nm) = ख़ुश आमदीद = स्वागत, welcome

नौजवान (adj) = young

मौजूद () = present here

अहम (adj) = महत्वपूर्ण

ज़रूरत (nf) = necessity

के बग़ैर (comp pp) = के बिना

हिसाब (nm) = calculation, accounts; मेरे हिसाब से = in my calculation = according to me

अहमियत (nf) = महत्व, importance

इज़्ज़त (nf) = honour, respect

गरिमा (nf) = dignity

खोखला (adj) = hollow, empty, void of something important

अधूरा (adj) = incomplete, not fully formed, unfinished, imperfect

असंतुष्ट (adj) = dissatisfied; संतुष्ट (adj) = satisfied

इंसानियत (nf) + humaneness; humantiy

छीनना (v) = to snatch away